सत्यमेव जयते

रक्षा मंत्री
भारत
MINISTER OF DEFENCE
INDIA

संदेश

हम सभी जानते हैं कि 14 सितम्बर, 1949 को हमारे संविधान निर्माताओं ने हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया था। तब से प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

भारत अनेक समृद्ध भाषाओं, परम्पराओं और संस्कृतियों का देश है और विविधता में एकता का अनूठा उदाहरण है। राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देने में हिन्दी व अन्य भारतीय भाषाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मैं रक्षा मंत्रालय, सेना मुख्यालयों व सभी अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करती हूं कि वे अपना अधिक-से-अधिक सरकारी काम-काज राजभाषा हिन्दी में करते हुए संवैधानिक अपेक्षा का अनुपालन सुनिश्चित करें।

"**हिन्दी दिवस**" के अवसर पर मैं रक्षा मंत्रालय, सभी सशस्त्र सेनाओं और अन्य रक्षा संगठनों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं।

"जय हिन्द"

नई दिल्ली
14 सितम्बर, 2017

Nirmala S

(निर्मला सीतारमण)

कार्यालय : 104, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110011, फोन : +91 11 23012286, +91 11 23019030 **फैक्स**: +91 11 23015403
Office : 104, South Block, New Delhi-110011, Ph. : +91 11 23012286, +91 11 23019030 Fax : +91 11 23015403